दिनांकः 16.03.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर

निर्वाचन आयोग आज दोपहर लोकसभा चुनावों के लिए तारीखों की घोषणा करेगा। इसके लिए नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोग की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेन्स आयोजित की जायेगी। गौरतलब है कि वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल इस वर्ष 16 जून को समाप्त हो रहा है।

000

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए आज एक वीडियो गीत 'मैं मोदी का परिवार हूं' जारी किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में इसका वीडियो साझा किया है, जिसमें दिखाया गया है कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ किसानों से लेकर गरीब परिवारों तक को मिला है। श्री मोदी ने तेलंगाना में एक चुनावी रैली के दौरान 'मैं मोदी का परिवार हूं' नारा दिया था। यह गीत इसी विषय को केंद्र में रखकर रचा गया है।

000

प्रधानमंत्री ने सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत एक करोड़ से अधिक घरों के पंजीकरण पर प्रसन्नता व्यक्त की है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत देश के सभी हिस्सों से पंजीकरण हो रहे हैं। श्री मोदी ने लोगों से इस योजना के तहत यथाशीघ्र पंजीकरण कराने का आग्रह किया है। इच्छुक आवेदक पीएम सूर्यघर डॉट जीओवी डॉट आईएन पर पंजीकरण कर सकते हैं।

000

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अलवर के जिला कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष गुप्ता ने आज वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से बैठक ली। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई इस बैठक में जिला कलेक्टर ने लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता के कड़ाई से पालन करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

वहीं बीकानेर की संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने कल संभाग के चारों जिलों के जिला कलेक्टरों की बैठक ली। बैठक में अपराधियों पर लगाम कसने के लिए पडौसी राज्यों से लगती सीमाएं सील किये जाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा मादक पदार्थों की तस्करी रोकने पर भी जोर दिया गया।

उधर, हनुमानगढ़ जिला कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी कानाराम की अध्यक्षता में कल हुई बैठक में निर्वाचन प्रकोष्ठों के कार्यों की प्रगति को लेकर संबंधित प्रकोष्ठ प्रभारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने प्रभारी अधिकारियों को आपसी समन्वय से चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शितापूर्ण तरीके से सम्पन्न करने को कहा।

000

नवनीत कुमार सहगल प्रसार भारती के नये अध्यक्ष बन गए हैं। श्री सहगल भारतीय प्रशासनिक सेवा के उत्तर प्रदेश संवर्ग के 1988 बैच के सेवानिवृत अधिकारी है। उन्होंने प्रसार भारती के पूर्व अध्यक्ष ए. सूर्यप्रकाश का स्थान लिया है, जिनका कार्यकाल 2020 में समाप्त हो गया था। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के नेतृत्व वाली चयन समिति की स्वीकृति के बाद, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने श्री सहगल की नियुक्ति की है।

000

राज्य सरकार ने जिला प्रमुख, प्रधान और सरपंच के मानदेय में दस प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। पंचायती राज विभाग के शासन सचिव और आयुक्त रवि जैन ने बताया कि वर्तमान में जिला प्रमुख को मिल रहे 13 हजार आठ सौ रुपये के मानदेय को बढ़ाकर 15 हजार 180 रुपये किया गया है। इसी तरह प्रधान को 9 हजार 660 रुपये के स्थान पर 10 हजार 626 रुपये और सरपंच को 5 हजार 520 रुपये के स्थान पर 6 हजार 72 रुपये मानदेय निर्धारित किया गया है।

000

दौसा–गंगापुर नई रेल लाइन पर यात्री रेल सेवा का आज शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सांसद जसकौर मीना और मंडल रेल प्रबंधक विकास पुरवार ने झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया गया। गौरतलब है कि 95 किलोमीटर लम्बी इस रेल परियोजना पर करीब एक हजार करोड़ रुपए खर्च किये गये हैं। फिलहाल अजमेर से जयपुर तक चलने वाली डीएमयू को विस्तार देकर गंगापुर तक बढ़ाया गया है। दौसा से गंगापुर तक यह ट्रेन 13 रेलवे स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

000

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य प्रशिक्षण के दौरान चिकित्सा आधार पर प्रशिक्षण से अमान्य किए गए कैडेटों के पुनर्स्थापन को स्वीकृति दे दी है। प्रभावित कैडेटों के माता–पिता कई दशक से पुनर्स्थापन सुविधा की मांग कर रहे थे। एक अन्य फैसले में, रक्षा मंत्री ने अवकाश–प्राप्त सैन्य कल्याण विभाग को पुनर्स्थापन महानिदेशालय की योजनाओं के लाभ देने की अनुमति भी दी है।

000

प्रदेश में तापमान में बढोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम केन्द्र जयपुर से सुबह साढे आठ बजे मिले आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 34 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान फलौदी में दर्ज किया गया। इसके अलावा बाड़मेर में 34 दशमलव 3, जालौर में 33 दशमलव 5 और डूंगरपुर में 33 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश के 19 जिलों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा।

000